# कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

पत्रांक : 1446 /

प्रेषक :–

बादल राज,
जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

सेवा में,

जिले के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के
शिक्षक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापक

राँची, दिनांक : 17-05-25 ।

**विषय : ग्रीष्मावकाश अवधि में गतिविधि–आधारित गृहकार्य के आयोजन एवं क्रियान्वयन के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि बच्चों की अधिगम यात्रा को अवकाश काल में भी रुचिकर और सक्रिय बनाए रखने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के लिए गतिविधि–आधारित ग्रीष्मावकाश गृहकार्य तैयार किया गया है। इन गतिविधियों को इस प्रकार चुना गया है कि वे खेल–खेल में सीखने की भावना को बढ़ावा दें तथा बच्चों की भाषा, गणित और रचनात्मकता संबंधी क्षमताओं को सशक्त करें।

यह कार्य न केवल छात्रों की शैक्षणिक समझ को विकसित करेगा, बल्कि उन्हें घरेलू परिवेश, सामाजिक जिम्मेदारी तथा जीवन कौशल के अनुभवों से भी जोड़ेगा। सभी विद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन गतिविधियों को गंभीरता से लेकर सभी संबंधित बच्चों और अभिभावकों तक समयबद्ध ढंग से पहुँचाएँ। शिक्षक अभिभावकों को यह भी स्पष्ट करें कि यह कार्य कोई परीक्षा का बोझ नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास की एक रचनात्मक प्रक्रिया है।

निर्देशित किया जाता है कि विद्यार्थियों से न्यूनतम पाँच शैक्षणिक गतिविधियाँ पूरी कराई जाएँ। बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपनी बनाई सामग्री, चित्र, चार्ट, लेखन आदि की फोटो या वीडियो विद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करें। प्रत्येक विद्यालय से अनुरोध है कि इन सामग्रियों में से चयनित रचनात्मक कार्यों को संकलित कर जिला समूह में साझा करें, ताकि जिले स्तर पर इस नवाचार को प्रस्तुत किया जा सके।

विद्यालय खुलने के उपरांत शिक्षकों द्वारा बच्चों से उनके कार्यों की प्रस्तुति करवाई जाए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और अन्य बच्चे भी प्रेरित होंगे। विद्यालय चाहें तो बच्चों के कार्यों की प्रदर्शनी, दीवार पत्रिका या पोर्टफोलियो फोल्डर तैयार करें। सर्वश्रेष्ठ कार्यों को विद्यालय स्तर पर सम्मान पत्र या पुरस्कृत किया जा सकता है।

आपसे अपेक्षा की जाती है कि इन निर्देशों के आधार पर ग्रीष्मावकाश गृहकार्य को सुनियोजित, रचनात्मक और सहभागितापूर्ण रूप में संचालित करें। यह पहल बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को लगातार आगे बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी।

विश्वासभाजन

17/05/25

जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची।

ज्ञापांक : 1446, राँची, दिनांक : 17.05-25 ।

**प्रतिलिपि** : सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/ प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी/ प्रखण्ड साधन सेवी/संकुल साधन सेवी को आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/05/25

जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

17.05.25

# जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

## ग्रीष्मावकाश हेतु गतिविधियाँ

### कक्षा – 1

**आदरणीय शिक्षकगण एवं अभिभावकगण**

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ें रखने के लिए गतिविधि–आधारित गृहकार्य अत्यंत प्रभावी होता है। यह न केवल बच्चों के ज्ञान, रचनात्मकता और कौशल को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें मनोरंजक ढंग से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रिय अभिभावकों और शिक्षकों, कृपया इन गतिविधियों को खेल की तरह लें और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने अनुभव, कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता का प्रयोग करते हुए कार्यों को पूरा करें। इन कार्यों में आपकी भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और भाषा तथा संख्यात्मक समझ को बढ़ाने में सहायक होगी। निम्न शैक्षणिक गतिविधियों में से न्यूनतम पांच शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क) अनिवार्य होंगी। बच्चे गतिविधियों से संबंधित फोटो/विडियो विद्यालय के ग्रुप में शेयर करेगें जिसे विद्यालय स्तर से जिला के ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा।

## शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क)

### हिन्दी

- सुंदर अक्षरों में एक पृष्ठ हिन्दी लेखन
- **अक्षर चित्र संग्रह :** बच्चों को अ से अनार तक सभी अक्षरों के लिए चित्रों वाली पत्रिका या अखबार से चित्र काटकर चिपकाने को कहें।
- **शब्दों से चित्र बनाओ :** जैसे– सूरज, फूल, घर, पेड़ आदि शब्द देकर उनसे संबंधित चित्र बनवाना।
- **इन्द्रधनुषी वर्णमाला :** हर स्वर/व्यंजन को अलग–अलग रंग से लिखवाकर एक चार्ट बनवाना।

### गणित

- **संख्या स्केचिंगः** 1 से 20 तक की संख्याएँ अलग–अलग रंगों से लिखें और हर संख्या से कोई चीज का चित्र बनाएं (जैसे – 1 से पेन्सिल, 2 से बतख)।
- **खिलौनों की गिनतीः** बच्चों को अपने खिलौनों को गिनने को कहें, कारें कितनी हैं? गुड़ियाँ कितनी हैं? उसे लिखें।
- **रसोई में मापः** मम्मी के साथ मिलकर दाल, चावल, पानी को छोटे कप से नापें – 1 कप, 2 कप... जोड़–घटाव करें।

### अंग्रेजी

- **Alphabet Tracing and Coloring :** – A to Z capital & small letters tracing with colorful crayons.
- **Picture Dictionary Creation:** – Make your own A–Z picture dictionary by cutting from magazines/newspapers.
- **English Collage Making:** – "My Favourites" थीम पर शब्दों और चित्रों की कोलाज बनाएं।
- **One Page English Writing.**

## गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ

- अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना।
- छुट्टियों में घर के कामों में माता पिता की मदद करना।
- कचरा पेटी का निर्माण कर उसका दैनिक उपयोग करना तथा घर के लोगों को उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्रीष्मावकाश के बाद जिला स्तर के स्कूली वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतू छोटे पौधों (Sapling) की व्यवस्था करना।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची

## जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

# ग्रीष्मावकाश हेतु गतिविधियाँ

## कक्षा – 2

**आदरणीय शिक्षकगण एवं अभिभावकगण**

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ें रखने के लिए गतिविधि–आधारित गृहकार्य अत्यंत प्रभावी होता है। यह न केवल बच्चों के ज्ञान, रचनात्मकता और कौशल को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें मनोरंजक ढंग से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रिय अभिभावकों और शिक्षकों, कृपया इन गतिविधियों को खेल की तरह लें और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने अनुभव, कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता का प्रयोग करते हुए कार्यों को पूरा करें। इन कार्यों में आपकी भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और भाषा तथा संख्यात्मक समझ को बढ़ाने में सहायक होगी। निम्न शैक्षणिक गतिविधियों में से न्यूनतम पांच शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क) अनिवार्य होंगी। बच्चे गतिविधियों से संबंधित फोटो/विडियो विद्यालय के ग्रुप में शेयर करेगें जिसे विद्यालय स्तर से जिला के ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा।

## शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क)

### हिन्दी

- सुंदर अक्षरों में एक पृष्ठ हिन्दी लेखन
- **वर्णमाला पजलः** कटे हुए अक्षर टुकड़ों को सही क्रम में जोड़कर पूरी हिंदी वर्णमाला बनाएं।
- **खोजो और लिखो :** घर में 5 वस्तुएँ हिंदी में पहचानो और एक कॉपी में नाम, रंग, आकार लिखो।
- **शब्द को सजाओ :** किसी शब्द को सुंदर चित्रों, रंगों और चमकीले कागज से सजाकर पोस्टर बनाएं।

### गणित

- **घर में मापो :** घर की 5 चीजों की लंबाई या ऊँचाई मापो और तुलना करो – सबसे बड़ी / सबसे छोटी।
- **रुपये का बाजार खेल :** घर में एक छोटा बाजार बनाएं – वस्तुओं पर कीमतें लगाएं और नकली पैसे देकर खरीदारी करवाएं।
- **डाइस जोड़ खेल :** पासा फेंकें और जो दो अंक आएं, उन्हें जोड़ें या घटाएँ और कॉपी में लिखें।

### अंग्रेजी

- **"Alphabet Action Book" :** A to Z तक हर अक्षर पर एक चित्र और एक वाक्य : A for Apple – I eat an apple- B for Ball I play with a ball-
- **Alphabet Treasure Hunt :** A से Z तक कोई चार अक्षर चुनें और घर में उससे शुरू होने वाली चीज ढूंढें। B → Bag, Book, Banana
- **Make an English Collage :** पुराने अखबार/पत्रिका से English शब्द काटें और एक थीम पर कोलाज बनाएं – Fruits, Toys, Clothes
- **One Page English Writing.**

## गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ

- अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना।
- हर दिन रसोई में माँ की मदद करना।
- कचरा पेटी का निर्माण कर उसका दैनिक उपयोग करना तथा घर के लोगों को उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्रीष्मावकाश के बाद जिला स्तर के स्कूली वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतू छोटे पौधों (Sapling) की व्यवस्था करना।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची

# जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

# ग्रीष्मावकाश हेतु गतिविधियाँ

## कक्षा – 3

**आदरणीय शिक्षकगण एवं अभिभावकगण**

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ें रखने के लिए गतिविधि–आधारित गृहकार्य अत्यंत प्रभावी होता है। यह न केवल बच्चों के ज्ञान, रचनात्मकता और कौशल को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें मनोरंजक ढंग से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रिय अभिभावकों और शिक्षकों, कृपया इन गतिविधियों को खेल की तरह लें और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने अनुभव, कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता का प्रयोग करते हुए कार्यों को पूरा करें। इन कार्यों में आपकी भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और भाषा तथा संख्यात्मक समझ को बढ़ाने में सहायक होगी। निम्न शैक्षणिक गतिविधियों में से न्यूनतम पांच शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क) अनिवार्य होंगी। बच्चे गतिविधियों से संबंधित फोटो/विडियो विद्यालय के ग्रुप में शेयर करेगें जिसे विद्यालय स्तर से जिला के ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा।

## शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क)

### हिन्दी

- **मेरी छुट्टियाँ :** बच्चों को अपनी गर्मी की छुट्टी की योजना या अनुभव 5 पंक्तियों में लिखने को कहें।
- **मेरी डायरी :** हर दिन 3 वाक्य अपनी छुट्टी के बारे में लिखें – "आज मैं मामा के घर गया। मैंने आइसक्रीम खाई। बहुत मजा आया।"
- **पसंदीदा चीजों का फोटो कोलाज :** बच्चों को 5 पसंदीदा चीजों की तस्वीर चिपकाने को कहें और हर पर 1 वाक्य लिखें।

### गणित

- **मापन अभ्यास :** स्केल से 5 वस्तुओं की लंबाई मापें और तुलना करें – सबसे लंबा / सबसे छोटा
- **घर में आकृतियाँ खोजो :** घर में 5 गोल, 5 चौकोर, 5 त्रिभुज जैसी वस्तुएँ खोजकर उनकी सूची बनाएं।
- **Create Your Own Currency :** खुद की काल्पनिक करेंसी बनाएं – नोटों पर अंक और रंग डिजाइन करें, फिर उससे चीजें खरीदें।

### अंग्रेजी

- **Alphabet Art Book :** A से Z तक हर अक्षर से एक चित्र बनाओ और उसका नाम लिखो: A – Apple, B – Ball---
- **Daily Journal Writing :** हर दिन 4–5 वाक्य में What I did today या What I saw today पर लेखन।
- **English Collage Activity** : पुराने अखबार या मैगजीन से English words काटें और एक theme पर collage बनाएं: Fruits, Toys, Animals
- **One Page writing on topic of "Ranchi Speak"** (Hindi and English)

## गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ

- अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना।
- हर दिन रसोई में माँ की मदद करना।
- कचरा पेटी का निर्माण कर उसका दैनिक उपयोग करना तथा घर के लोगों को उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्रीष्मावकाश के बाद जिला स्तर के स्कूली वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतू छोटे पौधों (Sapling) की व्यवस्था करना।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची
17.05.25

# जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची
## ग्रीष्मावकाश हेतु गतिविधियाँ
### कक्षा – 4

आदरणीय शिक्षकगण एवं अभिभावकगण

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ें रखने के लिए गतिविधि–आधारित गृहकार्य अत्यंत प्रभावी होता है। यह न केवल बच्चों के ज्ञान, रचनात्मकता और कौशल को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें मनोरंजक ढंग से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रिय अभिभावकों और शिक्षकों, कृपया इन गतिविधियों को खेल की तरह लें और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने अनुभव, कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता का प्रयोग करते हुए कार्यों को पूरा करें। इन कार्यों में आपकी भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और भाषा तथा संख्यात्मक समझ को बढ़ाने में सहायक होगी। निम्न शैक्षणिक गतिविधियों में से न्यूनतम पांच शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क) अनिवार्य होंगी। बच्चे गतिविधियों से संबंधित फोटो/विडियो विद्यालय के ग्रुप में शेयर करेगें जिसे विद्यालय स्तर से जिला के ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा।

## शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क)

### हिन्दी

- **पत्र लेखन :** "अपने दोस्त को छुट्टियों का अनुभव बताते हुए पत्र लिखें"।
- **वृक्षारोपण एवं पर्यावरण पोस्टर :** एक पौधा लगाएं, उसकी देखभाल करें और उस पर चित्र सहित पोस्टर बनाएं।
- **रसोई में मदद करें :** माँ–पापा की सहायता से एक आसान व्यंजन बनाएं और उसकी विधि लिखें।

### गणित

- **खर्च का हिसाब :** घर के किसी एक दिन के छोटे खर्चों का हिसाब जोड़कर लिखें (जैसे सब्जी, दूध, आदि)।
- **मूल्य गणना खेल :** घर की चीजों (जैसे बिस्किट, पेन) के दाम जोड़ें और कुल कीमत लिखें।
- **गुना तालिका (Multiplication Table) रंगो :** 6 से 10 तक की पहाड़ा याद करें और सुंदर रंगों से चार्ट बनाएं।

### अंग्रेजी

- **My Daily Routine Journal :** छुट्टियों में हर दिन 5 वाक्यों में अपनी दिनचर्या लिखें। (Ex: I wake up at 7 AM---)
- **Write a Letter to Your Friend :** How are you spending your holidays? पत्र का सुंदरीकरण करते हुए दिए गए विषय पर पत्र लिखें।
- **My Favourite Animal/Fruit/Place :** इन विषयों में से किसी एक पर 5–7 वाक्यों का छोटा पैराग्राफ लिखें।
- **One Page writing on topic of "Ranchi Speak"** (Hindi and English)

## गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ

- अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना।
- एक पेड़ लगाना, उसकी रक्षा के उपाय करना और दैनिक पानी देते हुए उसकी देखभाल करना।
- कचरा पेटी का निर्माण कर उसका दैनिक उपयोग करना तथा घर के लोगों को उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्रीष्मावकाश के बाद जिला स्तर के स्कूली वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतू छोटे पौधों (Sapling) की व्यवस्था करना।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची
17.5.25

जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

# ग्रीष्मावकाश हेतु गतिविधियाँ

## कक्षा – 5

**आदरणीय शिक्षकगण एवं अभिभावकगण**

गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ें रखने के लिए गतिविधि–आधारित गृहकार्य अत्यंत प्रभावी होता है। यह न केवल बच्चों के ज्ञान, रचनात्मकता और कौशल को मजबूत करता है, बल्कि उन्हें मनोरंजक ढंग से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। प्रिय अभिभावकों और शिक्षकों, कृपया इन गतिविधियों को खेल की तरह लें और बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने अनुभव, कल्पनाशक्ति और सोचने की क्षमता का प्रयोग करते हुए कार्यों को पूरा करें। इन कार्यों में आपकी भागीदारी बच्चों के आत्मविश्वास और भाषा तथा संख्यात्मक समझ को बढ़ाने में सहायक होगी। निम्न शैक्षणिक गतिविधियों में से न्यूनतम पांच शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क) अनिवार्य होंगी। बच्चे गतिविधियों से संबंधित फोटो/विडियो विद्यालय के ग्रुप में शेयर करेगें जिसे विद्यालय स्तर से जिला के ग्रुप में प्रेषित किया जाएगा।

## शैक्षणिक गतिविधियाँ (प्रोजेक्ट वर्क)

### हिन्दी

- **पत्र लेखन :** किसी रिश्तेदार को छुट्टियों की जानकारी देते हुए पत्र लिखें।
- **पोस्टर बनाएं – "स्वच्छता अभियान" :** चित्र के साथ स्लोगन लिखें और पोस्टर रंग–बिरंगा बनाएं।
- **पारिवारिक साक्षात्कार :** दादी/नानी से उनके अच्छे अनुभवों के 5 प्रश्न पूछें और उनके उत्तर सुंदर लेख के रूप में प्रस्तुत करें।

### गणित

- **घर का बजट बनाओ :** ₹1000 का एक काल्पनिक घर का बजट बनाएं – जैसे खाने का खर्च, बिजली, किराया आदि।
- **दुकान खेलो :** घर की चीजों की कीमत लगाएं, और परिवार से जोड़–घटाव के लेन–देन करें और इसे कॉपी में लिखें।
- **DIY Measuring Tape :** कागज और स्केल से एक 1 मीटर की माप पट्टी खुद बनाएं।

### अंग्रेजी

- **Design Your Own Dictionary :** A से Z तक एक–एक नया शब्द, उसका अर्थ और चित्र खुद से लिखकर एक mini dictionary बनाएं।
- **Cook with English Recipe :** कोई आसान व्यंजन बनाएं (जैसे लेमन पानी) – उसका Recipe English में लिखें।
- **English Word Challenge Wall:** घर की दीवार पर chart लगाएँ – हर दिन 1 नया English word – उसका अर्थ और एक वाक्य जोड़ें।
- **Write a Letter to Your Friend :** How are you spending your holidays? पत्र का सुंदरीकरण करते हुए दिए गए विषय पर पत्र लिखें।
- **One Page writing on topic of "Ranchi Speak"** (Hindi and English)

## गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ

- अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करना।
- एक पेड़ लगाना, उसकी रक्षा के उपाय करना और दैनिक पानी देते हुए उसकी देखभाल करना।
- कचरा पेटी का निर्माण कर उसका दैनिक उपयोग करना तथा घर के लोगों को उसका उपयोग करने हेतु प्रेरित करना।
- ग्रीष्मावकाश के बाद जिला स्तर के स्कूली वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतू छोटे पौधों (Sapling) की व्यवस्था करना।

जिला शिक्षा अधीक्षक
राँची